# पीएम देश का विकास और गरीबों का कल्याण प्राणपण से कर रहे हैं : तोमर

## जन विश्वास अभियान शिविर में 503 आवेदन पत्रों का हुआ निराकरण







नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत रीवा नगर निगम टाउनहाल में आयोजित शिविर का विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया. शिविर में आम जनता के 503 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया.**

इस अवसर पर शिविर के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी देश के विकास और गरीबों का कल्याण प्राणपण से कर रहे हैं. जिन योजनाओं के संबंध में लोगों को कल्पना भी नहीं थी उनका लाभ आम जन तक पहुंचाया जा रहा है. प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश दुनिया में सर्वाधिक 7.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि प्राप्त कर सका है. प्रधानमंत्री जी देश को विश्वगुरू बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे जन विश्वास अभियान से आम जन की समस्याएं लगातार कम हो रही हैं. मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिलने और समस्याओं के निदान से जनता प्रसन्न है. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि रीवा का बहुत तेजी से विकास हुआ है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद श्री मिश्र ने रीवा को विकसित बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है. हमारी सरकार के 20 वर्षों के लगातार प्रयासों का परिणाम है कि रीवा तहसील मुख्यालय के स्वरूप से महानगरों की श्रेणी में पहुंच गया है. पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को प्रदेश भर में गरीबों के कल्याण से पूरा किया जा रहा है. कार्यक्रम सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जन विश्वास शिविर में आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ जन संवाद और उद्यम संवाद जैसे कार्यक्रम भी हो रहे हैं. अधिकारी और कर्मचारी शिविर को सफल बनाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं. शिविर में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चार हितग्राहियों को तिपहिया साइकिल का वितरण किया गया. शिविर में लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संबल योजना तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया. शिविर में विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, राजगोपाल मिश्र, राजेश पाण्डेय, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे. शिविर में सेवा संकल्प अभियान के रीवा जिले के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव केसी गुप्ता, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन उपस्थित रहे.

### आम जनता को एक ही जगह मिल रहा है सभी योजनाओं का लाभ : शुक्ल

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में आयोजित शिविरों में आम जनता को एक ही स्थान पर शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. साथ ही आम जनता के सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा अन्य आवेदनों का निराकरण भी बड़ी संख्या में किया गया है. सभी अधिकारी हर शुक्रवार को फील्ड विजिट करके कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं. प्रधानमंत्री जी के गरीब कल्याण के सपने को जन विश्वास शिविर सफल बनाने में पूरा योगदान दे रहा है. रीवा नगर निगम में हजारों हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास और 1738 गरीबों को पक्के आवास का लाभ दिया गया है. रीवा में तेजी से विकास हो रहा है. हाईवे, रेलवे लाइन, रिंग रोड बाईपास और रीवा एयरपोर्ट विकास की कहानी कह रहे हैं.

### विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री ने रोपे पौधे

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को बाबूपुर चोरहटा में राम-जानकी मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया. मानस पीठाधीश्वर खजुरीताल स्वामी रामललाचार्य ने विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया. विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि यह प्राचीन मंदिर और तालाब पूर्वजों के जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मंदिर परिसर का विकास कार्य तेजी से किया जाएगा. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, एसपी गुरकरन सिंह, गौरव तिवारी मौजूद रहे.

# पुलिस के सामने दोस्ती का दावा, एसपी ऑफिस में अपहरण की शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, रीवा के सेमरिया थाना क्षेत्र के हिनौता ग्राम पंचायत उपचुनाव में सांसद पुत्र अंकुर मिश्रा के प्रस्तावक हनुमान प्रसाद शुक्ला के कथित अपहरण मामले में एक नया और चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसने इस पूरे मामले को एक नया राजनीतिक मोड़ दे दिया है.**

इस वायरल वीडियो ने शिकायतकर्ता के दावों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे यह पूरा घटनाक्रम महज एक राजनीतिक ड्रामा नजर आने लगा है. इस पूरे मामले में उस वक्त यू-टर्न आ गया जब सोशल मीडिया पर हनुमान प्रसाद शुक्ला का एक वीडियो वायरल हुआ. इस वीडियो में वह उसी योगेंद्र सिंह को अपने बचपन का साथी बताते हुए मरते दम तक साथ निभाने का दावा कर रहे हैं, जिन पर बाद में उन्होंने अपहरण का गंभीर आरोप लगाया है. दरअसल यह वीडियो उस समय का है जब हनुमान प्रसाद शुक्ला के अचानक गायब होने पर उपचुनाव प्रत्याशी और सांसद पुत्र अंकुर मिश्रा सिमरिया थाने पहुंचे थे. उन्होंने पुलिस को शुक्ला के अपहरण होने की सूचना दी थी. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए हनुमान प्रसाद का मोबाइल टावर लोकेशन निकाला, जो सिरमौर का मिला. जब सिरमौर पुलिस और स्थानीय तहसीलदार मौके पर पहुंचे, तो हनुमान प्रसाद शुक्ला ने अपहरण की बात से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने अधिकारियों के सामने खुलेआम कहा कि योगेंद्र सिंह उनके बचपन के दोस्त हैं और वह जीते जी उनका साथ कभी नहीं छोड़ेंगे. इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक टीम बैरंग वापस लौट आई.

### गनपॉइंट पर अपहरण का आरोप

घटनाक्रम के ठीक दो दिन बाद हनुमान प्रसाद शुक्ला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और योगेंद्र सिंह सहित उनके 4-5 साथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई. हनुमान शुक्ला का आरोप है कि उनका गनपॉइंट पर अपहरण किया गया था. आरोप है कि उनसे जबरन एक शपथ पत्र पर दस्तखत कराए गए और तो और साजिश के तहत उल्टा उनके खाते मे ढाई लाख भी ट्रांसफर किए गये. बता दें कि यह पूरा हाई-वोल्टेज ड्रामा रीवा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिनौता का है, जहां आगामी 29 सितंबर 2026 को पंचायत उपचुनाव होने जा रहे हैं.

## संक्षिप्त

### प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल जिले के प्रवास पर

**रीवा**. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जबलपुर से प्रस्थान कर रात 10 .35 बजे सर्किट हाउस राजनिवास पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे. प्रभारी मंत्री 19 सितम्बर को सुबह 8 .30 बजे नरेन्द्र नगर में पत्रकार मृगेन्द्र सिंह की माताजी के निधन पर शोक संतप्त परिवार से भेंट करेंगे. प्रभारी सुबह 9 बजे सर्किट हाउस राजनिवास में सेवा संकल्प अभियान के संबंध में आयोजित बैठक में शामिल होने के बाद सुबह 10 .30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे.

### कमिश्नर आज करेंगे समीक्षा

**रीवा**. कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 19 सितम्बर को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11 बजे आरंभ होगी. बैठक में वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों में सुधार, निर्माण कार्यों की जिलेवार प्रगति तथा अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी.

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ सौपेंगा ज्ञापन

**रीवा**. आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर रीवा जिले में भी जिलाध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में 20 सितंबर 2026 को विवेकानंद पार्क से रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रीवा को ज्ञापन सौंपेगा. उक्ताशय की जानकारी देते हुए संघ के जिला मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र द्विवेदी ने बताया कि विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा रीवा मे अपरान्ह 12 बजे से एकत्र होकर समस्याओं को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी तथा लगभग 3 बजे सायं से शांति पूर्वक रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### कांग्रेसजनों का डॉ. अरुणा ने जताया आभार



**रीवा**. मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 101वीं जयंती के अवसर पर अमहिया में आयोजित विचार संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में संसदीय क्षेत्र रीवा सहित रीवा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे पधारे कांग्रेस पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों एवं श्रीयुत के शुभचिंतकों के प्रति कार्यक्रम की आयोजिका एवं विधानसभा सिरमौर की पूर्व प्रत्याशी डॉ. अरुणा-विवेक तिवारी बबला ने हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की है. डॉ. अरुणा तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों एवं शुभचिंतकों की आत्मीय, श्रद्धापूर्ण एवं गरिमामयी उपस्थिति ने बाबा जी के प्रति उनके स्नेह और सम्मान को प्रदर्शित किया है.



### गीताजंलि पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणेशोत्सव

**रीवा**. विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गीतांजली पब्लिक स्कूल रीवा में गणेशोत्सव मनाया गया. विघ्नहर्ता गणेश भगवान की स्थापना और प्रतिदिन दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया. विंध्य क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सुमधुर गणपति भजनों की प्रस्तुति दी गई. विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा बुद्धि प्रदाता गणेश की पूजा अर्चना एवं उनका आर्शीवाद प्राप्त किया गया. प्रतिदिन प्रसाद वितरण एवं गणपति विसर्जन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. गणपति बप्पा मोरया अगले वरस फिर से आना की घोष ध्वनि एवं जयकारे के साथ गणपति बप्पा की विदाई की गई. विद्यालय संस्थापक शिवप्रसाद प्रसाद, श्रीमती अरुणा प्रधान तथा विद्यालय संचालक वरूण प्रधान, श्रीमती रितिका प्रधान ने गीतांजली परिवार की ओर से सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को गणेशोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी.

# मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद में अखंड प्रताप सिंह ने लगातार दूसरी बार दर्ज की जीत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वर्ष 2026 से 2031 के लिए हुए चुनाव में रीवा के वरिष्ठ अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह ने लगातार दूसरी बार परिषद में स्थान हासिल किया है. प्रदेशभर के अधिवक्ताओं से मिले समर्थन के बीच उन्होंने 12वें क्रम पर जीत दर्ज की.**



लगातार दूसरी बार निर्वाचन से उन्हें परिषद में निरंतरता के साथ अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने का अवसर मिला है. चुनाव परिणाम सामने आने के बाद रीवा के विधिक क्षेत्र में उनके निर्वाचन को लेकर अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल रहा. स्थानीय अधिवक्ताओं और उनके सहयोगियों ने श्री सिंह को बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं. अखंड प्रताप सिंह के लगातार दूसरे निर्वाचन से रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र के अधिवक्ताओं को परिषद के स्तर पर अपने मुद्दों और अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखने के लिए निरंतर प्रतिनिधित्व मिलेगा. अधिवक्ताओं का मानना है कि उनके अनुभव और पूर्व कार्यकाल की निरंतरता का लाभ क्षेत्र के अधिवक्ताओं को मिल सकेगा. इस जीत की खुशी में राजेन्द्र पान्डेय अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रीवा, राकेश सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शहडोल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शुक्ल रीवा, शुलभ पाण्डेय सचिव अधिवक्ता संघ रीवा एड. एस. के. सिंह एड वंश बहादुर सिंह, एड. शंखेश्वर तिवारी , एड अनिल शुक्ला, एड अरविंद सिंह, एड विक्रम सिंह परिहार देशराज सिंह, मनोज सिंह सेंगर, प्रदीप सिंह परिहार, बृजेश सिंह परिहार, आशीष प्रताप सिंह, प्रभुराज सिंह, वीरेंद्र सिंह गौर, राजेश कुशवाहा, विनोद जायसवाल सहित अधिवक्ता साथियों एवं सहयोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है.

# आयुर्वेद कॉलेज की नर्सिंग की ट्रेनिंग की गुणवत्ता में करें सुधार : शीलेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयुर्वेद कालेज की स्वशासी कार्यकारिणी की बैठक गत दिवस आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि आयुर्वेद उपचार पद्धति तेजी से लोकप्रिय हो रही है.**



इस प्राचीन पद्धति को उपचार में कई लोग वरीयता दे रहे हैं. आयुर्वेद महाविद्यालय में डॉक्टरों और नर्सिंग की ट्रेनिंग की गुणवत्ता में सुधार करें. इस कालेज की ऐसी प्रतिष्ठा हो कि यहाँ से निकलने वाले डॉक्टरों और नर्सों को हर चिकित्सा संस्थान अपने यहाँ कार्य देने का प्रयास करे. कमिश्नर ने समिति की नियमित बैठक आयोजित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हर तीन महीने में समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करें. कालेज में नवाचार करके उसे उपचार में प्रभावी बनाएं. आयुर्वेद चिकित्सालय की भी व्यवस्था को बेहतर करें. आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति तथा कालेज और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं का ठीक से प्रचार-प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक रोगी इनका लाभ उठा सकें.

बैठक में आयुर्वेद कालेज के डीन तथा प्राचार्य डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त संचालक आयुर्वेद डॉ. शिवराम मौजूद थे.

### संभागीय समीक्षा बैठक 23 को

रीवा, 18 सितम्बर, नगरीय निकायों की संभागीय समीक्षा बैठक 23 सितम्बर को सुबह 11.30 बजे से संभागीय कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष रीवा में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह करेंगे. बैठक में संभाग के सभी नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में अमृत योजना, पीएमएवाई, कायाकल्प योजना, संबल योजना आदि प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी.

# सेवा संकल्प अभियान में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, सेवा संकल्प अभियान में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वागत भवन में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का सम्मान किया.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों अथवा अन्य कारणों से जो वृद्धजन घर छोड़ देते हैं उन्हें यहाँ आश्रय दिया गया है. वृद्धाश्रम में घर जैसा सुकून और शांति के साथ नि:शुल्क भोजन रहने की सुविधा चाय-नाश्ता और उपचार की सुविधा दी जा रही है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान शुरू हुआ है. अभियान में हम सबने रक्तदान करके पीड़ित मानवता की सेवा में योगदान दिया. आज वृद्धजनों की सेवा की जा रही है. प्रधानमंत्री जी के गरीबों के कल्याण के संकल्प का अनुसरण करते हुए हम सब सदैव गरीबों की तत्परता से कर रहे हैं. वृद्धाश्रम में रहने वाले 6 व्यक्तियों ने मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अपनी देह का दान किया है. इन सबको गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ दधीचि सम्मान देकर सम्मानित किया गया है. कार्यक्रम में एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव राजेन्द्र पाण्डेय, एके खान उपस्थित रहे.

# रक्षा पेंशनभोगियों को एक ही जगह मिलेंगी पेंशन संबंधी सेवाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, रीवा के रक्षा पेंशनभोगियों और उनके परिवारजनों के लिए राहत की खबर है. कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर के तत्वावधान में रीवा में 'स्पर्श सेवा केंद्र' की शुरुआत की गई है.**

इस केंद्र का उद्देश्य पेंशन से जुड़ी सेवाओं और शिकायतों के निराकरण के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध कराना है. शुक्रवार को कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर के तत्वावधान में स्थापित स्पर्श सेवा केंद्र रीवा का उद्घाटन रक्षा लेखा नियंत्रक संदीप ठाकुर द्वारा किया गया. इस केंद्र के माध्यम से रक्षा पेंशनभोगियों और उनके परिवारजनों को पेंशन संबंधी सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. यहां शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के साथ ही डिजिटल माध्यम से पारदर्शी, सरल और सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा गया है. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रिगेडियर दिनेश कुमार जंगू रिटायर्ड कर्नल जीपी सिंह पंकज कुमार पांडे प्रदीप वर्मा राकेश कुमार कृष्ण कुमार विकास कुमार विजय शंकर द्विवेदी अंकेश पांडे उपस्थित रहे.



# सेवा संकल्प अभियान में आज होगी नमो सेवा गाथा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, सेवा संकल्प अभियान के तहत 19 सितम्बर को रीवा नगर निगम में विभिन्न स्थानों पर नमो सेवा गाथा का आयोजन किया जा रहा है.**

इसमें स्थानीय लोक कलाकारों के दल पिछले 25 वर्षों में सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास योजनाओं से हुए सुखद बदलावों की रोचक कहानी प्रस्तुत करेंगे. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इन कहानियों को प्रस्तुत किया जाएगा. नमो सेवा गाथा के तहत स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नि:शुल्क खाद्यान्न तिवरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना सहित विभिन्न योजनाओं की सफलता की कहानियों तथा विकास कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा.

### विधानसभा अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

रीवा, 18 सितम्बर, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वर्गीय माधुरी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. श्रीमती सिंह पब्लिक वाणी मीडिया समूह के वरिष्ठ पत्रकार मृगेन्द्र सिंह की माताजी हैं. विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.

# नगर निगम के नवनियुक्त 8 नाम निर्दिष्ट पार्षदों ने ली शपथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान कार्यक्रम के दौरान नगर पालिक निगम रीवा के लिए नियुक्त 8 नाम निर्दिष्ट पार्षदों ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की.**




शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिक निगम के टाउन हॉल में आयोजित हुआ. समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, अनिल जायसवाल, राजगोपाल मिश्रा चारी, कलेक्टर रीवा नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, निगम आयुक्त अक्षत जैन, नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिक निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. नगर निगम रीवा के लिए नियुक्त 8 नाम निर्दिष्ट पार्षदों में सत्यप्रकाश सचदेवा, राजेंद्र शुक्ला, श्रीमती सरस्वती गुप्ता, मनोज पटेल, राजकुमार जायसवाल, प्रकाश सोनी, बुद्धसेन नापित एवं आनेन्द्र सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की. कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी नेपार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.